"We help your Business to Grow"



Now read your favorite magazine
wherever you go....
Available on
PC...Mac....Tablet...or
any other handheld device!

For Details Contact
+91-9414076426

NEXT GEN PUBLISHING

Registered with the Registrar of News Paper for India Under No. 38126/81
Postal Registration No. Jaipur City/211/2018-2020

Online Edition

जहां जाइयेगा, हमें पाइयेगा

# परिवहन सम्पदा

40 वर्षों से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में देश की एक मात्र अग्रणी पत्रिका

Register at www.parivahansampda.com and access a Whole New World of Automobile Trade

Year : 40 / Issue : 03 / 15th May, 2020 (Fortnightly) / Price 20/- / Yearly 400/- / 3 Yearly 1000/- / 5 Yearly 1500/- / Life 3000/- / Page-60

JAI
Jamna Auto Industries Ltd.

BHARAT STAGE 6
COMPLIANT SPRING SERIES
# GO GREEN
GO BS-6



Committed towards Cleaner Environment
Carries more payload
Saves More Fuel
100% Smooth Drive / just like Car
Less Tyre - wear and tear
No grease required


Registered Office
JAI Spring Road, Industrial Area,
Yamuna Nagar, Haryana
Pin Code – 135001
Ph. & Fax No. 01732-251810/11/14

Corporate Office AMI
Unit No. 507-508, 5th Floor
ABW Elegance Tower, Jasola Vihar
New Delhi - 110 025, India
Tel.: +91-11-49875915

M/s Vatika IT Parks Pvt. Ltd.,
4th Floor, Tower Block – B,
Vatika Mindspaces, Faridabad,
Haryana -121003

Email - enquiry.ami@jaispring.com

Continental
The Future in Motion




Raw Edge
Timing Belts
Multi Rib Belts
Timing Belt Kits
ContiTech

AGRAWAL'S

# AGRAWAL TRADING CO.

BANASTHALI MARG, JAIPUR

PH:9829255324/9829068874 | E-mail: ea@agrawals.org.in

LOOKING FOR DEALERS ACROSS INDIA


No. 1 Brand
Serving the country since 80 years
GS INTERNATIONAL
UNVEILING THE UNBEATABLE RANGE
Committed To
• CUSTOMER SATISFACTION
• BEST PRODUCT PERFORMANCE
• ADVANCE TECHNOLOGY
• BEST INDUSTRY PRACTICES
TRUST THE LEADER
Our Other Exclusive Range
Precision Automotive components for Commercial, HCVs, LCVs, SUVs, Agriculture, Construction vehicles
GS AUTO INTERNATIONAL LTD.
GURMUKH SINGH INTERNATIONAL LLP.
Tested with Highest Standard O.E.M. First Choice Long Lasting
GENUINE PARTS
Manufactured & Marketed By:
G.S. Estate, G.T. Road, Ludhiana 141010 (INDIA)
Tel.: 91-161-2511001, Fax: +91-161-2510885
E-mail:mkt@gsgroupindia.com
Website: www.gsgroupindia.com

# TOUGHLA

LARGEST RANGE OF:
BRAKE LININGS / CV PADS / CLUTCHES / BRAKE SHOE / DISC PADS / TRACTORS BRAKES






## Specialist In Friction Parts




**TOUGHLA AUTOMOTIVE PVT. LTD.**

An ISO Certified Company

P-38/B, Gali No. 15, Bihari Colony,
Shahdara, Delhi-110032

+91-9999 141 845
+91-70428 15623
info@toughla.com
www.toughla.com

go the extra mile

MANUFACTURING UNIT :

Sahibabad, Ghaziabad -201010 (U.P.)

© All rights reserved, 2014 | www.toughla.com
*Reproduction of the logo or content in full or part without explicit consent of toughla management in not permitted*

# परिवहन सम्पदा

40 वर्षो से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में देश की एक मात्र अग्रणी पत्रिका

जहां जाइयेगा, हमें पाइयेगा


Year : 40 | 15th May, 2020 (Fortnightly) | Issue : 03

Regd. Office :
FF-20, Priha Plaza, Opp Punjab National Bank,
Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Rajasthan)
Ph.: 0141-2642679, 4012679
E-mail: parivahan@airtelmail.in
Web Site : www.parivahansampda.com
www.facebook.com\parivahansampda1981
@parivahansampda
9414076426



Editor
Avnish Jain
# 9414076426, 8209138320
avnish@parivahansampda.com
@avnishjain1971





Co-Editor
Shalu Jain
# 8426044999, 8005612683
shalu@parivahansampda.com


News Editor
Narendra Ghalaut
# 8426044997, 7665466116
narendra@parivahansampda.com





Makeup & Managed By
Shyam Saini
# 8426044998, 9799102032
shyam@parivahansampda.com

Area Sales Manager
Sanjay Gurnani
# 7568555805
sanjaygurnani76@gmail.com





Auditors : L. C. Lodha & Company
82/127, Nilgiri Marg, Mansarover,
Jaipur-302020
Phone : 0141-2785356, 94140-71655

Edited, Published and Owned by Avnish Jain and Printed at Vee Aar Printers 354/355, Bandri Ka Nasik, Thakur Ram Singh ki Gali, Subhash Chowk, Jaipur-302003 and Published at FF-20, Priha Plaza, Opp. Punjab National Bank, Transport Nagar, Jaipur-302 003 (Raj.) Editor Avnish Jain




**EDITOR CORNER**

# फिलहाल कोरोना के साथ ही जीने के लिए तैयार रहना होगा

विश्व स्वास्थ्य संगठन के कोविड-19 के विशेष प्रतिनिधि ने एक अंतराष्ट्रीय समाचार चैनल से कहा-'हो सकता है कि कोरोना की वैक्सीन दुनिया में कभी नहीं आए, जैसा कि एड्स और डेंगू के मामले में हुआ है'। इस समय कोरोना की वैक्सीन पर 102 संस्थाएं शोध कर रही हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। करीब चार दशक और 3.20 करोड़ मौतों के बाद भी अभी तक एड्स के खिलाफ कोई वैक्सीन नहीं बन सकी, जबकि डेंगू से भी हर साल लाखों लोग बीमार होते हैं। एक वैक्सीन बनी भी तो कुछ मामलों में दोष के कारण उसे आम प्रयोग में नहीं लाया गया। अमेरिका के राष्ट्रीय एलर्जी एवं संक्रामक रोग संस्थान के निदेशक ने कहा कि कोई वैक्सीन आज तक साल-डेढ़ साल में नहीं बनी, लेकिन कोरोना की वैसीन डेढ़ साल में तैयार करने की कोशिश हो रही है। वैक्सीन बनाने की कोशिशें में आठ मानव ट्रायल की स्टेज पर हैं और इनमें सफलता के सबसे नजदीक है ऑक्सफोर्ड का जेनर इंस्टीट्यूट। उधर, कोरोना के आंकड़ों के अध्ययन से पता चलता है कि इस वायरस ने गरीब देशों की तुलना में खुशहाल और वैज्ञानिक-तकनीकी तौर पर अग्रणी देशों को ज्यादा प्रभावित किया है। यूरोप में 14 लाख संक्रमितों में 1.39 लाख की मौत हुई, जबकि बदहाल अफ्रीका में (डेढ़ गुना आबादी के बावजूद) 42,771 संक्रमितों में 1723 की ही मौत हुई। बहरहाल, वैक्सीन न मिलने और सर्वमान्य दवा की अभी तक खोज न होने से हमें कोरोना के साथ जीना सिखाना होगा, क्योंकि लंबे समय तक लॉकडाउन तो जारी नहीं रखा जा सकता। साथ ही विकास के 400 साल पुराने मॉडल पर एक बार फिर से गौर करना होगा। क्या संबंधों की अभिव्यक्ति भी वायरस की मौजूदगी न होना सुनिश्चित करने के बाद की जाएगी और हर 15 दिन में इसकी जांच करानी होगी, ताकि मां अपने बच्चे की परवरिश कर सके? विज्ञान इतना असहाय तीन हजार साल में पहले कभी नहीं दिखा। पिछली सभी महामारियां गरीबी में अपना प्रसार करती थीं और अमीर अपने को धन व सामर्थ्य के दम पर अलग कर देता था। यह पहला वायरस है जो 'ऊपर' से नीचे आ रहा है। खतरा यह है कि नीचे का वर्ग अपनी आजीविका के लिए ऊपर वाले पर ही आश्रित रहता है, लिहाजा अगर वह बच सका तो एक ही कारण होगा कि गरीबी, अभाव और कुपोषण में इस वायरस के खिलाफ प्रतिरोधी क्षमता बेहतर होती है।





# Online Advertiser's Index


| Company Name | Page No. |
|---|---|
| **A** | |
| Accurate Engineers, Ludhiana | 54 |
| Agrawal Trading Company, Jaipur | 2 |
| Agrawal Trading Company, Jaipur | 52 |
| Allied Gears India, Delhi | 41 |
| Anand Auto Dealers, Delhi | 15 |
| ARB Bearings Limited, New Delhi | 39 |
| Atul International,Ludhiana | 16 |
| Auto Craft India, Ludhiana | 47 |
| Auto Pins India Ltd., Faridabad | 17 |
| **B** | |
| Bajrang Spring, Delhi | 33 |
| Balwant Motors, Delhi | 45 |
| Bawa Murayama Silicon, Jalandhar | 20 |
| Bemex Engineering Organisation, Delhi | 36 |
| Bharti International, Veraval (Shapar) | 42 |
| Bhim Auto Industries, Ludhiana | 32 |
| BST Auto Pvt. Ltd., Jalandhar | 22 |
| **C** | |
| Chaggar Engineering Works, Jalandhar | 56 |
| Chandna Trading Company, Delhi | 13 |
| **D** | |
| D. D. Industries Limited, New Delhi | 25 |
| DRI Alwayz Frictions, Noida | 51 |
| **E** | |
| El-chico Clutch Pvt. Ltd., Faridabad | 44 |
| **F** | |
| Fitwell Auto Industry, Jalandhar | 19 |
| **G** | |
| Gagan Engineers, Ludhiana | 7 |
| Genuine Clutch Parts, Ballabhgarh | 60 |
| GS Auto International Limited, Ludhiana | 3 |
| **H** | |
| H.S. Auto Industries, Jalandhar | 36 |
| Harsh Auto Engineering, Hanshi | 50 |
| **I** | |
| Isha Electronics, Udaipur | 43 |
| **J** | |
| Jamna Auto Industries, New Delhi | 1 |
| Jei Bearings, Rajkot | 36 |
| Jindal Lube (India), Jaipur | 48 |
| **K** | |
| Krishna Engg. Works, Ludhiana | 47 |
| **L** | |
| Luthra Industrial Corporation, Agra | 9 |
| **M** | |
| Maheshwari Auto & General Industries, Delhi | 21 |
| Marc Bearings Pvt Ltd., Veraval (Dhapar) | 40 |
| Milan Motor & Tractor Parts, Jaipur | 10 |
| Modi Sales, Jaipur | 26 |
| Motion Industries, New Delhi | 59 |
| **N** | |
| Narang Fluid Transmission Products, New Delhi | 46 |
| Nayyar Auto Industries, Delhi | 31 |
| **P** | |
| Pallavi Motors, Delhi | 11 |
| Precision Engineering Works, Ludhiana | 27 |
| **R** | |
| R.D. Mechanical Works, Ludhiana | 14 |
| RMP Bearings Limited, Ahmedabad | 30 |
| Rose Auto, Delhi | 57 |
| Royal Auto Industries (Regd.), Ludhiana | 37 |
| **S** | |
| S.D. Auto Industries, Jalandhar | 18 |
| S.K. Industries, Gwalior | 32 |
| S.R. Industries, Jalandhar | 57 |
| Sharda Auto Industries Ltd., Nagpur | 29 |
| Suri Spares (India), Delhi | 23 |
| **T** | |
| Toughla Automotive Pvt. Ltd., Delhi | 4 |
| **V** | |
| Veracity Automotives Pvt. Ltd., Ludhiana | 58 |
| Victra Auto Components, Agra | 55 |
| **W** | |
| Western Engineers, Jodhpur | 41 |
| **Y** | |
| Yogi Hi-tech Pvt. Ltd., Kotda Sangani | 35 |



## Areawise Booking Center

**RAJASTHAN**



Mr. Akshay Jain
**C/o Documents Point**
225/A-3, Ashok Nagar,
Road No. 13, Udaipur-313 001
Phone: (0294) 2424050, 2424051
(M) 09414168317, 9887068317
Email : docu_point@rediffmail.com

**BIHAR/JHARKHAND/WEST BENGAL**



**Mr. Shambhu Kumar**
Mobile : 09934234304
Email : shambhukumarkhg55@gmail.com



**Mr. Rakesh Kumar**
Mobile : 09199137188



**Mr. Subash Kumar**
Mobile : 09934454065

**JHARKHAND**



Mr. Kishan Kumar
**M/s Neha Tractor**
Near Bank of Baroda
Rathur Road, Ranchi-834001
Ph. 09708640300, 09835196655

**CHATTISGARH**



Mr. Govind Aggarwal
**M/s Bearing Centre**
21, Lal Ganga Mansion, Patwa
Complex, M. G. Road, Raipur (C.G.)
Phone: 0771-2224947, 4031917
Mobile: 9425502117, 9827161747
Email : bcraipur@gmail.com

**GUJARAT**



Mr. Prakesh Ravel
**C/o Sagar Advertising & News Services**
16, Silver Coin, Opp. Ghugri Park
80 ft. Road, Surendra Nagar-363 002
Ph.: (02752) 224570 (M): 09825224217
E-mail : sagarads54@yahoo.in

The views and opinions expressed in the articles printed in this journal do not necessarily represent that of the Editorial Board.

An ISO Cer ified Co.



# Gagan ENGINEERS

**Manufacturers of :** All Types of High Class Centre Bolt U-Bolt, Wheel Spanner & Nuts for Exports & Domestic Market




## Gagan ENGINEERS

Guru Nanak Street No.7, Shimlapuri, Gill Road, Ludhiana-141003 (Pb.)
Phone : +91-161-5058344 Fax : 2490344 E-mail : gagan04@hotmail.com
**Contact Person : Gagan Gupta (Mobile) +91-98148-11199**

# अन्दर के पृष्ठों पर.....

## Areawise Booking Center



***DELHI***
Mr. Anand Sachdeva
**M/s Sachdeva Agencies**
779/17, Dr. Sircar Building,
Nichlson Road
Kashmere Gate, Delhi-110006
Ph.: (011) 23936570 (M) 09311158940
E-mail: sachdevaagencies@gmail.com



***UTTARANCHAL***
Mr. Manmohan Kishan Gupta
**M/s Friends Auto Spears**
Tyagi Road, Dehradun-248001
Mobile : 09897129306



***UTTAR PRADESH***
Mr. K. C. Nigotiya
**M/s Nigotiya Auto Spares**
96-S, Gurunanak Market
Gadarian Purwa, Kanpur - 208012
Mobile :09838200249
Email :nigotiyakanpur@yahoo.co.in



***MADHYA PRADESH***
Mr. Santosh Parashar
**M/s Techno Prograssive Traders**
89, 4th Floor, Dawa Bazar
13-14, R.N.T. Marg, Indore-452001
Phone : 0731-4045621, 2705551
Mobile : 09827289231



***HARYANA***
Mr. Sushil Aggarwal
**M/s Super Automobiles**
26-29, New Auto Market
Bhiwani-127021
Mobile : 09416338273
E-mail: super_automobiles@rediffmail.com



***MAHARASHTRA (VIDHARBHA)***
Mr. Sanjay Zumberlalji Chhangani
**M/s Chhangani Traders**
Chhangani Complex,
Jaffergi Gin Compound
Behind Old Cotton Market
Amravati- 444601 (MH.)
(M): 7212573675, 9422190355

Required Area wise Contact
For Subscription Booking
For Advertisement Booking
For Trade News Coverage
In Punjab, Odisha, Jammu & Kashmir
Andra Pradesh, Tamilnadhu & Kerla
Contact # 9414076426


| | |
|---|---|
| फिलहाल कोरोना के साथ ही जीने के लिए तैयार रहना होगा | 05 |
| कोरोना का असर : दुनिया भर में जून तक 30 करोड़ से अधिक लोग हो सकते हैं बेरोजगार | 11 |
| अपनी बैलेंस शीट के रिव्यू का यही सही समय... | 12 |
| अभाव में भी आनंद उठाया जा सकता है | 12 |
| आज भी समाचार का सबसे विश्वसनीय स्त्रोत सदियों पुराना प्रिंट मीडिया ही है | 15 |
| ये है भारत की सबसे सस्ती कन्वर्टेबल कार, स्विफ्ट जितनी कीमत | 19 |
| अनिश्तिताओं के बीच नकारात्मक होने से कैसे बचें ? | 20 |
| आनंद महिन्द्रा को पसंद आया ई-रिक्शा चालक का आइडिया, बड़ी पोस्ट पर ऑफर की जॉब | 23 |
| Direct taxes revenues defy lockdown, jump 36.6% in April | 24 |
| गर्मियों में ऐसे बढ़ाए कार माइलेज, हर महीने होगी हजारों की बचत | 24 |
| पूरी दुनिया जैन धर्म के आदर्शों पर चल रही है | 24 |
| अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बने राष्ट्रीय योजना | 27 |
| ब्याज मुक्त लोन और क्रेडिट लिमिट मिले तो खड़े हों उद्योग | 33 |
| ऑटोमोटिव पार्ट्स मर्चेन्ट्स एसोसिएशन मोटर पार्ट्स के व्यापार को उभरने के लिए समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव | 34 |
| श्रमिक गांव से वापस भी लौटें यह सुनिश्चित करना जरूरी | 35 |
| फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ( गंगानगर मोटर्स लिमिटेड, जयपुर ) द्वारा श्री अनुराग ठाकुर राज्य वित्त मंत्री ( भारत सरकार ) से हुई वेबिनार मीटिंग में दिए गए सुझाव | 37 |
| व्यापारी की वेदना.... | 38 |
| श्रमिक गांव से वापस भी लौटें, यह सुनिश्चित करना जरूरी | 35 |
| 2020 Nissan Kicks टर्बो इंजन के साथ जल्द होगी लॉन्च, मिलेगा X-tronic CVT ट्रांसमिशन | 41 |
| क्या लॉकडाउन के बाद बंद हो जाएंगे सिनेमा हॉल्स और मल्टीप्लेक्स, कार में बैठे-बैठे देखेंगे सिनेमा | 42 |
| Hyundai की इस कार पर लॉकडाउन के दौरान मिल रहा भारी डिस्काउंट, जाने कितना होगा फायदा | 46 |
| Toyota Innova Crysta के बेस मॉडल से ही शामिल हुए ज्यादा सेफ्टी फीचर्स | 47 |
| इन एप की मदद से स्मार्टफोन पर ऑफिस का काम निपटाना हुआ आसान | 49 |
| चेन्नई प्लांट में BMW Group ने शुरू किया काम | 50 |
| कोरोना व लॉकडाउन के कारण कई उद्योगों पर पड़ा दोहरा प्रभाव | 53 |
| देशभर में Hyundai ने लॉकडाउन के दौरान खोले 225 शोरूम्स, दो दिन में बेची 170 कारें | 54 |
| कोरोना काल में ट्रक ऑपरेटरों को 65 करोड़ का नुकसान | 55 |
| एमएसएमई पैकेज जल्द, स्किल्ड लेबर के उपयोग पर हो विचार : ठाकुर | 56 |
| मारुति ने शुरू किया ट्रेनिंग प्रोग्राम, मोबाइल ट्रेनिंग सेंटर से करेगी स्किल्स अपग्रेड | 57 |



RMOSS®
REDEFINED ENGINEERING
FLYTECH®
PERFORMANCE PAR EXCELLENCE...
LUTHRA
INDUSTRIAL CORP.
DEALER ENQUIRY SOLICITED
FLYWHEEL
RING GEAR
BRAKE ROTOR
BACK PLATE
FACE PLATE
PRESSURE PLATE
CLUTCH COVER
MANUFACTURER & EXPORTER OF FLYWHEEL ASSEMBLY, BRAKE ROTOR & RING GEAR
LUTHRA INDUSTRIAL CORPORATION
GOVERNMENT RECOGNIZED EXPORT HOUSE
B-1, Site B, Sikandra Industrial Area, Artoni, Agra-282007 (INDIA)
Hand Phone : +91 98370 23808, 95578 88888
Email : info@flywheelassembly.com | Website : www.flywheelassembly.com
AN IATF 16949, ISO 27001, ISO 50001, OHSAS 18001, ISO 14001 & AN ISO 9001 CERTIFIED COMPANY

Online Advertisement



## कोरोना का असर :

# दुनिया भर में जून तक 30 करोड़ से अधिक लोग हो सकते हैं बेरोजगार



**संगठन ने कहा कि महामारी पर काबू पाने के लिए दुनिया भर में लॉकडाउन के बढ़ाये जाने से उसे अनुमान में बदलाव करना पड़ रहा है।**

संयुक्त राष्ट्र की श्रम इकाई अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संगठन (ILO) के अनुसार, अप्रैल से जून के दौरान महज तीन महीने में करीब 30.5 करोड़ लोगों की पूर्णकालिक नौकरियां समाप्त हो सकती है। संगठन ने कोरोना वायरस महामारी के कारण लोगों की जाने वाली नौकरियों का पूर्वानुमान एक बार फिर से बढ़ा दिया है। संगठन पिछले पूर्वानुमान में कहा था कि इस महामारी के कारण जुन तिमाही में हर सप्ताह औसतन 48 घंटे की कार्यअवधि वाले 19.5 करोड़ फुल टाइम नौकरियों का नुकसान हो सकता है।

संगठन ने कहा कि महामारी पर काबू पाने के लिए दुनिया भर में लॉकडाउन के बढ़ाये जाने से उसे अनुमान में बदलाव करना पड़ा है। संगठन ने कहा कि इस महामारी के कारण अनौपचारिक क्षेत्र के 1.6 अरब कामगारों के समक्ष जीवनयापन का खतरा उत्पन्न हो चुका है क्योंकि महामारी के कारण उनके रोजी-रोजी के साधन बंद हो चुके हैं। यह पूरी दुनिया के 3.3 अरब कार्यबल का करीब आधा है।

संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने कहा कि रिटेल और मैन्युफैक्चरिंग रिस्क जैसे गंभीर संकट वाले क्षेत्रें में 43 करोड़ से अधिक इंटरप्राइजेज पर ज्यादा खतरा है। ILO के अनुसार लॉकडाउन के कारण पहले महीने में श्रमिकों की आय में 60 फीसदी की गिरावट देखी गई है। ILO के मुताबिक, अफ्रीका और अमेरिका में 80 फीसदी से अधिक गिरावट, यूरोप और मध्य एशिया में 70 फीसदी और एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 21.6 फीसदी गिरावट देखी गई है।

ILO के महानिदेशक गाय राइडर ने कहा कि महामारी और नौकरियों के संकट को देखते हुए दुनिया के सबसे कमजोर श्रमिकों की रक्षा करना ज्यादा जरूरी हो गया है।

उन्होंने कहा कि लाखों श्रमिकों के लिए अगर आय नहीं है तो इसका मतलब उनके लिए न तो भोजन, न सुरक्षा और न ही उनका कोई भविष्य है। दुनिया भर में लाखों व्यवसाय मुश्किल में है। उनके पास कोई बचत नहीं है न ही कोई कर्ज बचा है। राइडर ने कहा, ये काम करने के लिए दुनिया के असली चेहरे है, यदि मौजूदा समय में हम उनकी मदद नहीं करते हैं, तो वे बर्बाद हो जाएंगे।



# अपनी बैलेंस शीट के रिव्यू का यही सही समय...




## लॉकडाउन में अपने घर और व्यवसाय के खर्चों को देखें और भविष्य के लिए सीख लें

बायो-डिग्रेडेबल पॉलिमर बनाने वाली कम्पनी के मालिक अरहान ने जब अपने बिजनेस की बैलेंस शीट देखी तो उन्हें पता चला कि उनकी कम्पनी साल-दर-साल सिकुड रही थी और साल में 12 करोड़ रुपए के बिजनेस से उतरकर 2 करोड़ पर पहुंच चुकी थी। दरअसल उनकी कम्पनी विदेशी कम्पनियों पर ज्यादा निर्भर थी, लेकिन हाल के कुछ सालों में उन कम्पनियों का रुझान खुद का उत्पादन बढ़ाने पर था। यही वजह थी कि अरहान का बिजनेस घट रहा था। इस रिव्यू के बाद अरहान को यह भी पता चला कि कई रिफंड अभी भी मिलने बाकी हैं। अरहान ने इस रिव्यू के बाद अपने बिजनेस पोर्टफोलियों को डासवर्सिफाई किया। साथ ही उसकी टीम ने घरेलू बाजार में संभावनाएं भी तलाशना शुरू कीं। उन देशों में भी बाजार तलाशें, जहां अभी भी उनका उत्पाद इम्पोर्ट हो रहा था। साथ ही पुराने मार्केट में लोकल प्रोडक्शन यूनिट की भी स्थापना की । इससे जो चुनौतियां थी, वे अवसर में बदल गईं।'

अरहान की तरह आप भी अपने घर और बिजनेस की बैलेंस शीट का रिव्यू कर सकते हैं। लॉकडाउन से बेहतर समय इसके लिए शायद फिर आपको न मिले। रिव्यू में जो निष्कर्ष निकलें, उसी आधार पर भविष्य की योजनाएं बनाएं। बात घर की हो या बिजनेस की, अपने मौजूदा खर्चों को देखें और उनमें गैरजरूरी खर्चों को कम करें। इससे आपको अपनी बचत बढ़ाने में मदद मिलेगी। ऐसा करने से आप मौजूदा के साथ-साथ पहले के वित्तिय लेन-देन से भी नई सीख लेकर आगे बढ़ सकते हैं।

### कैसे करें रिव्यू

- पुराने एवं अभी के बिजनेस रिजल्ट की तुलना करें, अंतर के कारणों का अध्ययन करें।
- पुरानी अच्छी आदतें पहचानें, उन्हें बेहतर करें।
- साल–दर–साल किए खर्च को सामने रखें।
- मौजूदा और पुरानी बैजेंस शीट की तुलना से ये समझें।
- जरूरी खर्च में क्या खर्च और बढ़ाने से लाभ बढ़ सकता है, सोचें।
- क्या गैरजरूरी खर्च को कम करके जरूरी खर्च को बढ़ाया जा सकता है, सोचें।
- गैरजरूरी खर्चों पर विचार करें कि ये क्यों हो रहे हैं।

### रिव्यू हर सफलता का राज

**अगर आप सफल बनना चाहते हैं तो मौजूदा समय का इस्तेमाल कर अपनी बैलेंस शीट का तुलनात्मक अध्ययन करें और सीख लेने की कोशिश करें। जब आप रिव्यू करते हैं, तब इस पूरी प्रक्रिया में आपके दिमाग में एक इमेज बनती है जिससे आप परिस्थितियों को नए नजरिए से देख पाते हैं। आपको हर वित्तीय सपफलता और असपफलता के कारण खुद-ब-खुद समझ में भी आने लगता हैं। साथ ही भविष्य में क्या करें और क्या न करें, इसकी भी प्लानिंग आसान हो जाती है। रिव्यू करने के दौरान उससे सीखने का मौका भी मिलता है जिसके कारण आप अपना ध्यान पूरे सिस्टम को बेहतर बनाने पर केंद्रित कर पाते हैं जो आपके मूल विजन को और पैना करता है। जब विजन मजबूत होता है तो व्यक्ति का मोटिवेशन और काम करने की ताकत बढ़ जाती है। आप एक काम को नए और कुशल तरीके से करने के बेहतर विकल्प भी खोज पाते हैं।**

---

जीने की राह....

## अभाव में भी आनंद उठाया जा सकता है

रुपया सरंक्षण मांग रहा है। हमारी सम्पत्ति हमारे सामने कंपकंपा रही है। हमारा वैभव मुरझा गया है, प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। अपने मनुष्य होने पर भय लगने लगा है। जान और जीविका दोनों एक-दूसरे के सामने खड़े हो गए। जान पर काम करो तो जीविका सवाल उठाती है, जीविका की सोचें तो जान साथ छोड़ने की बात करती है। ऐसे में क्या किया जाए? चलिए, अभी सिर्फ जीविका की बात करते हैं। सबको फिक्र है और शुरूआत हो चुकी है। नुकसान नौकरी का हो या व्यापार का, होगा जरूर। आज हम जिन परिस्थितियों से गुजर रहे हैं, ये केवल स्थितियां नहीं, घाव बन गई हैं और यह घाव किसी सर्जरी से ठीक नहीं होगा। इसमें अध्यात्म का मरहम लगाना होगा। एक प्रतिष्ठान व्यवसायी ने मुझे सुझाव दिया था कि हम यह मान लेंगे कि महीने कम हो गए और साल 12 की जगह 10 महीने का रह गया। नुकसान की भरपाई हम इस सोच से कर लेंगे। लेकिन, अब तो यह भी नहीं पता कि साल में कितने महीने कम करना हैं। हिंदू कैलेंडर में होते तो 12 महीने हैं, लेकिन यदि आपको रुपए की रक्षा करना हो तो एक विचार अपनाया जा सकता है कि यह वर्ष छह माह का था और इन छह माह को ऋतु से जोड़ लें। हिंदुओं ने एक ऋतु में दो मास रखे हैं। ये छह ऋतु हैं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत और शिशिर। तो ऐसा मान लीजिए कि इस वर्ष छह ऋतुओं यानी छह माह में ही कमा पाए हैं। बाकी छह माह अज्ञात, अभाव के रह गए और इसी अभाव में आनंद आएगा।

# KESAR GULAB™
## Auto Components

**With German Technology Kluber Lubrication**

CRUISER | TOOFAN | JUDO | GAMA | TATA-ACE | MAGIC | TOWN & COUNTRY

FOR BEST PERFORMANCE






Tie Rod Ends | U.J. Cross | Wheel Joint | King Pin Kit

Areawise Distributor Enquires are Solicited

Manufactured By

## Perfomax Technologies

Block No. 600, Survey No. 37/1, Tejash Warehousing, Kondhwa Pisoli Road, Pune-411 060

Sole Distributor : CHANDNA TRADING COMPANY, Delhi

Contact Mr. Mukesh Chandna # 9311850840 Email : cts.chandna@gmail.com

# Warrior®

Keeping you safe..... SINCE 1958














MORE STRENGTH....
EXTRA SERVICE

## MODERNIZE PACKING

**COMPLETE RANGE OF OUR PRODUCTS FOR NEW GENERATION LCV's & HCV's**

U BOLT, CENTER BOLT, SPRING & BELL CRANK PINS, AL-BRONZE BUSHES.

www.warriorproducts.in | E-mail: rdmechanical@rediffmail.com | Customer Care No. 7777-00-8484

## कोविड-19 के समय में प्रिंट

# आज भी समाचार का सबसे विश्वसनीय स्त्रोत सदियों पुराना प्रिंट मीडिया ही है

PRINT MEDIA

**अखबार एक ऐसा विश्वसनीय माध्यम है जो पढ़ने के बाद, मेरे अखबार रख देने के बाद भी बना रहता है। प्रिंट में दी गई जानकारियां हमेशा जीवित रहती है, इसलिए यह सबसे विश्वसनीय है।**

समाचारों के आरंभिक दौर में लोग सुनी हुई बातों को दूसरों तक पहुंचाते थे। यह एक धीमी प्रक्रिया होती, लेकिन जब एक ही बात कई लोग कहते तो वह वायरल हो जाती। संचार के शुरुआती दिनों में समाचारों का इस तरह बनना और दूसरों तक पहुंचना जीवन के लिए जरूरी था। फिर भले ही वह समाचार किसी के लिए हितकारी हो या नहीं। एक से दूसरे तक और फिर लाखों तक पहुंचने वाले तरीके में अच्छी बात यह थी कि उस दौर में हमें यह पता होता था कि कौन व्यक्ति इस बात को बता रहा है और कितना विश्वसनीय है। लेकिन समस्या यह थी कि जब वह बात लाखों तक पहुंच जाती तो उसे हर कोई अपने तरीके से समझता।




फिर आया समाचार पत्रों का दौर। अब पहले समाचार एकत्रित करते, प्रामणिकता/सत्यात जांची जाती और तब उन्हें प्रकाशित किया जाता। जब समाचार पत्र प्रकाशित होता तो पूरी दुनिया वही पढ़ती, जो छपता, प्रिंट एक ऐसा माध्यम बना जिस पर सबने विश्वास किया।

आज जब आप यह आर्टिकल पढ़ रहे हैं, प्रिंट मीडिया एक परेशानी में है। कोविड-19 का असर इस मीडियम पर भी है। इस संकट का एक पहलु है जो अस्थायी है। यह बीमारी खत्म होने के साथ ही खत्म हो जाएगा। लेकिन एक पहलू ऐसा भी है जो कई तरह के प्रश्नों से जुड़ा है। क्या एक फिजिकल समाचार पत्र जरूरी है या डिजिटल माध्यम? आज डिजिटल माध्यम में कई बड़े नाम हैं लेकिन बहुत ही कम ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी छवि ऐसी बनाई हो, जिस पर विश्वास किया जा सके। समाचारों के लिए वॉट्सप बड़ा माध्यम बन गया है। लेकिन समस्या यह है कि यहां पर हर ऐरा-गैरा समाचार पोस्ट करता है, वही यहां संपादक और प्रकाशक है। यहां यह नहीं कह सकते कि क्या झूठ है, क्या सच। इस जैसे सभी प्लेटफॉर्म पर एक ही समस्या है। यहां अनक्यूरेटेड कंटेंट है, जो विश्वसनीय नहीं है। वहीं बात जब भरोसेमंद न्यूज की हो या विज्ञापन की भी हो, हमें वह सदियों पुराना प्रिंट माध्यम ही दे सकता है। प्रिंट भौतिकता देता है, जो अपने आप में विश्वसनीय है। जब मैं अखबार हाथ में लेकर पढ़ता हूं, ब्रैंड का मास्टहैड देखतू हूं, अपने आप भरोसा जागता है। जो मैं पढ़ता हूं उसे मेरी बुद्धि और व्यक्तित्व स्वीकारता है। यही कारण है कि मैं सुबह की चाय-कॉफी के साथ अखबार जरूर चाहता हूं। बड़े-बड़े ब्रैंड अपना बरसों का विश्वास एक प्रिंट ब्रैंड में डालते है। मैं टीवी से भी ज्यादा गहनता से अखबार को पढ़ता हूं। यह एक ऐसा विश्वसनीय माध्यम है जो पढ़ने के बाद, मेरे अखबार रख देने के बाद भी बना रहता है।

कोविड-19 के संक्रमण काल में मैं प्रिंट के साथ हूं। तब भी जब खुद अखबार यह आश्वस्त कर रहे हैं कि कोविड-19 के संक्रमण काल में हम सुरक्षित हैं। जबकि इस समय विज्ञापन दाता भी बिजनेस से दूर हैं और विज्ञापन नहीं दे रहे हैं। वे माहौल ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अखबार को इस समय सिर ऊंचा कर खड़ा होना है। बहुत ऊंचा। प्रिंट को अपना काम जारी रखना है जबकि यह पता है कि इस समय स्थितियां ठीक नहीं है। डिजिटल को अभी भी हमारा विश्वास जीतना बाकी है, जबकि प्रिंट लंबे समय से ऐसा करता रहा है। ऐसे में मेरा विचार है कि दुनिया को टीवी, सोशल मीडिया, रेडियो, डिजिटल जैसे कई माध्यम चाहिए। लेकिन अंत में बना वहीं रहेगा जिसका आधार विश्वास होगा। जिसकी खबरों में सत्यता होगी।

**आनन्द ऑटो डीलर्स**

*हैवी अर्थमूवर्स, जैनरेटर्स, जेसीबी, हीताची, कैटरपील्लर, डैल्को-रेमी, सैमसंग, केन्टर, क्वालिस, फोर्ड, कोमात्सु पीसी-200, पीसी-300, फोर्कलिफ्ट बोश एफएम सीरीज इत्यादि के ऑटो इलेक्ट्रिकल पार्टस के विक्रेता। सभी प्रकार के सैल्फ स्टारटर्स एवं आल्टरनेटर की सेल एवं सर्विस*



*स्टॉकिस्ट:- 'पाश' ब्राण्ड कार्बन बुश (इन्टर, टाटा, लीलेण्ड, इण्डिका, हडियो टर्बो, स्कॉर्पियो, वैल्यू, डीसीएम, केन्टर सिएल, जिप्सी किंग, इण्डिगोए ओपेल एस्ट्रा इत्यादि के लिये) एवं नई जनरेशन गाड़िया जैसे सैन्ट्रो, क्वालिस, सिएल ओपेल, केन्टर,*

*844, तिलक गली, कश्मीरी गेट, दिल्ली-110 006 फोन : (ऑफिस) 23929299, 23916304*
*फैक्स : 011-23940658* joharsingh@gmail.com

# Atul International

**Suppliers of: Auto & Tractor Spare Parts**

**Heavy & Light Commercial Vehicle Spares, Jeep Spare Parts, Tractor & Tiller Parts**

## OUR PRODUCTS











# Atul International

**(Suppliers of: Auto & Tractor Spare Parts)**

Nirankari Street No.6, Miller Ganj, G.T. Road. Ludhiana-3.
Off.: 0167-2537233, 24637233 Cell : 094170-39233
E-Mail : info@autlulinter.com, ksinter44@gmail.com
Website : www. atulinter.com


FIRST INDIAN OEM SPRING COMPANY
SIROCCO
TS : 16949:2009
LEAF & PARABOLIC SPRINGS
• U-BOLT • SHACKLE & SPRING PINS
Estd. 1953 | Capacity:36000 T / Annum | Decades of OEM Experience
Original Springs for Broken Roads
Introduced
Complete Suspension kit For Trailer with Leaf Spring Assy. of
90 x 16, 80 x 16 , 75 x 13 & 75 x 16
AUTO PINS (INDIA) LTD.
2776 Pyare Lal Motor Market, Kashmere Gate, Delhi-110006 011-23978748
0129-4155691, 4155692 +91-9899470570
autopins@vsnl.com | www.autopinsindia.com

XGS®
QUALITY PARTS

Automotive Chassis Components

We make as per :
Your designs
Your specifications
Your requirements

Our Credo:
CUSTOMER
FRIENDLY
SUPPORT
INNOVATIVE
POSITIVE
PRECISE
TIMELY

CELEBRATING 22 YEARS IN BUSINESS



Areawise Distributor Enquires are Solicited


TATA
ASHOK LEYLAND
Mahindra
EICHER
AMW BUILT TO WIN
BHARATBENZ

ISO
ISO 9001:2015




Manufacturers & Exporters
S. D. AUTO INDUSTRIES
Udyog Nagar, V.P.O. Gadaipur, Behind Focal Point, Jalandhar - 144 004 (Pb)
Mobile : 09888069221, 09888006921, 09878903666 Phone : 0181-2601734, 2601735
Email : sdijalandhar@gmail.com; info@sdiautoindia.com Web: www.sdiautoindia.com

# ये है भारत की सबसे सस्ती कन्वर्टेबल कार, स्विफ्ट जितनी कीमत




- **San Storm है भारत की सबसे सस्ती ऑपन टॉप कार**
- **कीमत है बेहद ही कम, किसी महंगी कार जैसा है इसका लुक**


विदेशों में सड़कों पर ओपन टॉप कन्वर्टिबल कारें आसानी से दिख जाती हैं लेकिन भारत में मेट्रो सिटीज को छोड़कर कन्वर्टिबल कार कहीं नहीं दिखती। जहा पर लोग कीमत की वजह से कन्वर्टिबल कार नहीं खरीद पाता है क्योंकि इनकी कीमत 50 लाख से लेकर 1 करोड़ रुपए के आसपास होती है लेकिन आज हम भारत में मौजूद एक ऐसी कन्वर्टिबल कार के बारे में बताने जा रहे हैं जिसकी कीमत मारुति सुजुकी स्विफ्ट के बराबर है।

ये कार है San Motors की Storm जो एक कन्वर्टेबल कार है और आप इसे गोवा से बुक करवा सकते हैं। खास बात ये है कि ये कार महंगी विदेशी कारों को लुक के मामले में जबरदस्त टक्कर देती है लेकिन इसकी कीमत वाकई में बहुत कम है और ये किसी भी बजट में आसानी से फिट हो जाती है। तो चलिए जानते है। इस कार की खासियत।

**इंजन और पावर:-** इंजन और पावर की बात की जाए तो San Storm में 1.2 लीटर का 4 सिलेंडर वाला ओएम इन लाइन टर्बो इंजन दिया गया है जो कि 59.2 बीएचपी की मैक्सिमम पॉवर और 95 न्यूटन मीटर का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। 2 सीट वाली ये कार प्रति लीटर में 16 किमी. का माईलेज देती है। ये कार बेहद दमदार है और इसके फीचर्स भी काफी लग्जरी हैं। इस कार में 5 स्पीड मैनुअल गियर बॉक्स दिया गया है।


**फीचर्स ( San Storm ):-** फीचर्स की बात करें तो इस कार में पावर एडजेस्टेबल एक्सटीरियर, रियर व्यू मिरर, इंजन स्टार्ट स्टॉप बटन, एलॉय व्हील, फॉग लाइट्स रियर, पावर स्टीयरिंग, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, फॉग लाइट्स फ्रंट, पावर विंडो फ्रंट और एयर कंडीशन जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

इस कार में 36 लीटर की क्षमता वाला फ्यूल टैंक दिया गया है। ये कार सिर्फ 14.8 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। अगर अधिकतम रफ्तार की बात की जाए तो ये कार 144 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है।




**सेफ्टी फीचर्स:-** सेफ्टी फीचर्स की बात की जाए तो इस कार में एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, सेंट्रल लॉकिंग, ब्रेक असिसट, पैसेंजर एअरबैग, ड्राइवर एयरबैग, एंटी थेफ्ट अलार्म, पावर डोर लॉक, सेंट्रल लॉकिंग, डे-नाइट रियर व्यू मिरर, पैसेंजर साइड रियर व्यू मिरर, सीट बैल्ट वार्निंग, डोर एजर वार्निंग, फ्रंट इंपेक्ट बीम्स, एडजेस्टेबल सीट्स, की लेस एंट्री, साइड इंपेक्ट बीम्स और इंजन मोबिलाइजर जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

**कीमत :-** कीमत की बात की जाए तो इस कार की एक्स शोरूम कीमत लगभग 5.95 लाख रुपये है।



## Case Study & Tips

# अनिश्चितताओं के बीच नकारात्मक होने से कैसे बचें ?

**खुद को नकारात्मकता से बचाने के लिए क्या उपाय करें ? जानिए हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू से। यह भी जानिए कि घर से काम करते हुए क्या हो आपका रुटीन और वर्चुअल मीटिंग्स को कैसे ज्यादा सहज बना सकते हैं ?**

### मुश्किल हालात में खुद को बुरा सोचने से कैसे रोक सकते हैं आप

खराब हालात में जब आपको अपनी सबसे ज्यादा चीज खोने का डर सताने लगता है तो आपका दिमाग सबसे बुरा सोचना शुरू कर देता है। ऐसे में खुद को शांत रखने के लिए वर्तमान में रहना बहुत जरूरी है। इसके लिए खुद को एक छोटा सा टास्क दिया जा सकता है। अपने कमरे में मौजूद कोई पांच चीजें चुनें। जैसे-कम्प्यूटर, कुर्सी, पेंटिंग, पुरानी दरी, कॉफी मग। एक लंबी सांस लें, फिर विचार करें की वर्तमान में यह कमरा ही सबसे बड़ा सच है और इस समय सब बिल्कुल ठीक है। हर चीज को स्पर्श करके देखिए की ये छूने में कैसी है। डेस्क सख्त है। नाक के जरिए आने-जाने वाली सांस को महसूस कीजिए। अपने विचारों को स्थिर रखिए। जब आपको लगे दिमाग में नकारात्मक विचार आ रहे हैं तो तुरंत ही उन्हें सकारात्मक विचारों में बदलिए। जो आपके नियंत्रण में नहीं है उसके बारे में सोचना तुरंत बंद कीजिए। हर हाल में धैर्य रखिए। विचारों में विनम्रता होने से भी आप सकारात्मक बने रहते हैं।

### घर से काम करते हुए काम बंद करने का समय तय करना भी जरूरी

जबआप घर से काम करते हैं तो खुद को वर्क-मोड से पर्सनल मोड में लेकर आना थोड़ा मुश्किल लग सकता है। लेकिन बहुत जरूरी है कि आप इन दोनों चीजों को एक दूसरे से बिल्कुल जुदा रखें। दोनों काम कुछ इस तरह से स्विच किए जा सकते है। सबसे पहले तो रूटीन बना लें जिससे काम करने में सुविधा हो। यदि बर्तन धोने के बाद, एक कप कॉफी लेकर ही आप काम करने बैठ सकते हैं, तो ऐसा ही करें। या हो सकता है एक क्विक वर्कआउट के बाद या नहाने के बाद या फोन पर अपने ईमेल्स चेक करने के बाद ही आप अपने काम पर फोकस कर पाते हैं। रोज एक ही रूटीन अपनाने से वह आपकी आदत बन जाएगा। दिन को खत्म करने के लिए भी एक रैप-अप रूटीन होना चाहिए। ऐसा तब करें जब आप यह सुनिश्चित कर लें कि आप सभी जरूरी ईमेल्स का जवाब दे चुके हैं और अगले दिन किए जाने वाले कामों की सूची बना चुके हैं। इसके बाद खुद से कहें कि 'मेरा आज का काम पूरा हुआ, अब मैं साइन- ऑफ करूंगा।'


### क्या उपाय करें कि वर्चुअल मीटिंग्स नीरस ना लगें ?

वर्चुअल मीटिंग्स अजीब और अकेला महसूस करवाने वाली लग सकती हैं। कुछ उपाय हैं जिससे आप वर्चुअल मीटिंग्स में ज्यादा सहज महसूस कर सकते हैं। अगर आप होस्ट हैं तो वीडियोंकॉन्फ्रेंस में सबसे पहले पहुंच जाएं जिससे कि आप स्क्रीन पर दिखने वाले चेहरों से कुछ पल अनौपचारिक बातचीत भी कर सकें। मीटिंग में सम्मिलित होने वाले सभी सदस्यों को अपना वीडियो ऑन करने के लिए कहें। हो सके तो मीटिंग शुरू होने के कुछ देर पहले ही उन्हें इसके बारे में सूचित कर दें जिससे कि वे अपनी तैयारी रख सकें। आप लोगों को नाम से संबोधित कर मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए कह सकते हैं। मीटिंग में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों की आंखें में देखकर बात करें, इसके लिए कैमरा एंगल पहले से ही सेट कर लें। मीटिंग के दौरान आपके चेहरे पर मुस्कराहट होनी चाहिए और बातचीत के दौरान हंस या हंसा भी सकते हैं। कुल मिलाकर आपकों मीटिंग में एक अच्छा माहौल देना है जिससे कि कर्मचारी इस मुश्किल दौर में आपसी जुड़ाव महसूस कर सकें।




उच्चस्तरीय प्रदर्शन और उच्च-विश्वसनीयता का वायदा

आपके विश्वास का प्रतीक BM SINCE 1948



पेश है टाटा, अशोक लेलैंड, आइशर वोल्वो की व्यापारिक गाड़ियों के लिए बढ़िया श्रेणी के सर्वोत्तम हैंगर और झूले।

MANUFACTURED BY:
BAWA MURAYAMA SILICON GRAPHITE CASTING COMPANY • For Instant Service Please Contact Neeru Chopra # 0181 2225057, 4635569
18, Gobind Plaza Complex, Nakodar Road, Jalandhar-144001 INDIA | Email: bawamurayama@in.com


®
TIEROS
STEERING / SUSPENSION
UNIVERSAL JOINT CROSS
OUR RANGE OF QUALITY PRODUCTS FOR ALL VEHICLES
• UNIVERSAL JOINT CROSS
• TIE ROD ENDS
• GEAR LEVER ENDS
• TIE ROD KITS
• DRAG LINK KITS
• TIE ROD ASSEMBLIES
• DRAG LINK ASSEMBLIES
• BALL SUSPENSION JOINTS
• RACK ENDS
• STABLIZER LINKAGES
• CONTROL ARMS
• HOUSING BLOCK ASSEMBLY
MAHESHWARI AUTO & GENERAL INDUSTRIES
ESTD 1962
Office : 763/115, 1st. Floor, Maharani Motor Mkt., Chabi Ganj, Kashmere Gate, Delhi-06
Works : A-35, Badli Extension, Delhi-42, E-Mail : tierosindia@gmail.com
Contact : 9654661044, 9810470972, Customer Care : 8506870972


BST AUTO
BST AUTO PVT. LTD.
BST Auto Group
Manufacturers & Exporter of
Truck / Trailer Parts
Dummy Axles
Mechanical Suspensions
Brackets-Shackles-Wheel Hubs
Brake Spiders-U-Bolt Brackets
Checknuts-Equalizers-Brake Drums
Torque Arms-Trunnions Etc.
For
TATA - LEYLAND - EICHER CANTER
MERCEDES - VOLVO - SCANIA - MAN - AMW
FUSO - HINO - NISSAN - MAHINDRA NAVISTAR
REYCO - FUWA - HUTCHSEN - HENDRICKSON
ROR - BPW - FORD ETC.
O. E Customers:
ASHOK LEYLAND
AMW
SONALIKA INTERNATIONAL
ACE
MAKE IN INDIA
Axle & Trailer Components
AN IATF16949:2016 CERTIFIED COMPANY | National And International Award Winner
60
Year of Serving the Industry
Behind Reru Cold Storage, Focal Point Ext., Jalandhar - 144004 (Punjab) India
Key Person : Mr. Lokesh Jain (Managing Director) Mobile : +91-8872757711/22/33
Email : info@bstautogroup.com
www.bstautogroup.com

# आनंद महिन्द्रा को पसंद आया ई-रिक्शा चालक का आइडिया, बड़ी पोस्ट पर ऑफर की जॉब

**देश कोरोना वायरस के संकट से जूझ रहा है। ऐसे में लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन करने के लिए बोला गया है जिससे इस वायरस का संक्रमण फैलने से रोका जा सके।**

देश की दिग्गज वाहन निर्माता कम्पनी महिंद्रा एण्ड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिन्द्रा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं। उन्हें जब भी वक्त मिलता है तो वह जमकर ट्वीटस करते हैं और लोगों को मोटिवेट भी करते है, इस बार भी उन्होंने कुछ ऐसा ही।

दरअसल देश कोरोना वायरस के संकट से जूझ रहा है। ऐसे में लोगों को सोशल डिस्टटेंसिग मेंटेन करने के लिए बोला गया है जिससे इस वायरस का संक्रमण फैलने से रोका जा सके।

इसी को देखते हुए देशभर में लॉक डाउन कर दिया गया है लेकिन कुछ जरूरी सेवाएं अभी पहले की तरह जारी है जिनमें मेडिकल फूड एंड ग्रॉसरी सेवाएं आम आदमी तक पहुंच रहे हैं। आनंद महिंद्रा ने अपने ट्विटर अकाउंट




पर एक ही रिक्शा चालक व्यक्ति की स्टोरी साझा की है जिसने सोशल डिस्टेंसिंग को मेंटेन करने के लिए अपने ई-रिक्शा को खास तरीके से डिजाइन किया है। आनंद महिन्द्रा को इस शख्स का आइडिया इतना पसंद आया कि उन्होंने कम्पनी में उसे जॉब ऑफर कर दी।

वीडियो साझा करते हुए आनंद महिंद्रा ने अपने ट्वीट में लिखा है कि हमारे देश के लोगों की तेजी से नया खोजने की और नई परिस्थितियों में ढल जाने की क्षमता देखकर मैं हमेशा हैरान रह जाता हूं। उन्होंने इस ट्वीट को महिंद्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड के ऑटो एंज फॉर्म सेक्टर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेश जेजुरिकर को टैग करते हुए लिखा कि हमें इस व्यक्ति को अपने रिसर्च एंड डेवलप्मेंट सेंटर में बतौर सलाहकार शामिल करने की जरूरत है।

आनंद महिंद्रा की स्टोरी को खूब पसंद किया जा रहा है और अब इस शख्स को महिन्द्रा एंड महिन्द्रा की तरफ से नौकरी भी ऑफर की गई है। इस रिक्शा चालक को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का इतना बड़ा इनाम मिलेगा यह शायद वह खुद भी नहीं जानता होगा।

DAUS™ FORGE
styr™ Crank & All. Ind.
JAS-ANZ ACC No. M31112041N
*An ISO 9001:2008 Certified Company*

→ Crank Shaft
→ Connecting Rod
→ Cam Shaft

***Crank Shaft Range for Automobile Tractor & Compressor***

- Perkins/Massey Ferguson
- Mahindra & Mahindra
- Eicher Tractor
- New Holland
- Powertrac
- Farmtrac
- Sonalika
- Kirloskar
- Escorts
- Swaraj
- Ford
- HMT
- Maruti Suzuki
- Eicher Canter
- Swaraj Mazda
- Shaktiman
- Leyland
- Toyota
- Tata
- Atlas Capco
- K.G. Khosla
- Rustan
- Hino



**SURI SPARES (INDIA)**

***Specialist in : Crank Shaft***

3/2778, Rajasthan Motor Market, Hamilton Road
Mori Gate, Delhi-110006, ***Phone:*** +91-11-23937336
***Mobile:*** +91-9811079459
***E-mail:*** surispares@gmail.com

# Direct taxes revenues defy lockdown, jump 36.6% in April

## Mumbai records 500% jump, followed by bengalure at 160%

Direcy tax collection recorded a healthy growth in April despie the nationwide lockdown and grew by 36.6%

Data accessed by the Hindu showed that the net direct tax collection for April 2020 was Rs. 34780.4 crore as compared to Rs. 25466 crore recorded in April 2019, a jump of 36.6%

Income tax collection in April was Rs. 19762.1 crore while corporate tax collection was Rs. 14608.1 crore.

The Central Board of Direct Taxes (CRDT) had convened a video-conference with tax commissioners to review the collection position during the lockdown perion. The collection figures of different zones were discussed during the meeting.

The department noted the effort of the officers in ensuring healthy growth of tax collection in these testing times. Among the zones, Mumbai reported a massive 500% growth in net tax collections, followed by Bengaluru that reported 160% growth. Delhi, at number three, reported a 34% growth in april.

### Revised targets

The government is expected to miss the direct tax collection target for the finnacial year 2019-20. The revised estimate has pegged the target for collection of direct taxes for 2019-20 at Rs. 11.70 lakh crore. The government




had collected over Rs. 7.52 lakh crore as direct taxex till January31.

### Bleak forecast

In addition, the outlook for indirect tax collection is also bleak in the first few month of the current financial year due to the countrywide lockdown.

Some reports suggest that GST collection in April and May could decline drastically as the number of electronic permits for transporting goods are down 80% in April. With the lockdown extended till May 17, tax collections are expected to remain subdued.

# पूरी दुनिया जैन धर्म के आदर्शों पर चल रही है

- 1. मुंह पट्टी (Mask)
- 2. अहिंसा शाकाहार (Veg. Food)
- 3. संघेटा (Social Distancing)
- 4. अलगाव (Quarantine)
- 5. स्मायक एकांत (Isolation)

जैन धर्म के यही तो है सिद्धांत। इन्हीं सब बातों का प्रचार कर रहा सारा विश्व तंत्र। यह सब जैन धर्म के मूल मंत्र हैं। यदि मान लिया होता अहिंसा परमो धर्म का सूत्र। अहिंसा, त्याग, संयम, करूणा। नहीं देखना पड़ता युग करोना।

आभार–
किशन कुमार
नेहा ट्रैक्टर्स, रांची
फोन: 9708640300



# गर्मियों में ऐसे बढ़ाए कार माइलेज, हर महीने होगी हजारों की बचत

अगर आप ठीक तरीके से कार नहीं चला रहे है तो कार कम माईलेज देती। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप अपनी कार का माईलेज बढ़ा सकते हैं।

गर्मियों के मौसम में कार चलाना काफी महंगा हो जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कार गर्मियों के मौसम में कार चलाने के दौरान इन पेट्रोल–डीजल की ज्यादा खपत होती है। इसके साथ ही अगर आप ठीक तरीके से कार नहीं चलाते रहे हैं तो कार कम माईलेज देती है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप अपनी कार का माईलेज बढ़ा सकते है।




**हल्के टायर्सः–** कोशिश करें कि कम्पनी के फिटेड कार टायर्स का ही इस्तेमाल करें। दरअसल यह टायर्स आपकी कार के हिसाब से तैयार किये जाते हैं और इनसे कार के इंजन पर ज्यादा दबाव नहीं पड़ता है और इंजन ठीक तरह से काम करते हुए अच्छा खासा माईलेज दे देते हैं।

**हैवी कार प्रोटेक्शन ग्रिल से बचेंः–** आपको जानकर हैरानी होगी कि हैवी कार प्रोटेक्शन ग्रिल भी आपकी कार की माईलेज कम करने के पीछे जिम्मेदार होती है। दरअसल यह ग्रिल मेटल की बनी होती है जो काफी भारी होती है और इससे कार के टायर पर दबाव पड़ता है साथ ही इंजन पर भी दबाव पड़ता है जिससे माईलेज तुरन्त कम होने लगता है।

